**विषयः हिंदी ( प्रथम भाषा )**

**कक्षाः सातवीं**

**समय : 3: घंटे**

**विषय वस्तु**

**भाग-कः** **बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न**

संधि, समास, उपसर्ग, प्रत्यय, पर्यायवाची शब्द

पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न

**भाग-खः** **अन्य वस्तुनिष्ट प्रश्न**

लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण

विशेषण निर्माण, शब्द शुद्धि, क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक

व योजक की पहचान, विराम चिह्न, पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से शब्द-अर्थ

**भाग-गः** **पारिभाषिक व्याकरण**

क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक, योजक

**भाग-घः** **पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न**

पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या

पाठ्य -पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न

पाठ्य -पुस्तक के अभ्यासों में से निबन्धात्मक प्रश्न

**भाग-ङः** **मुहावरे एवं लोकोक्तियां**

**भाग-चः** **रचनात्मक लेखन**

पत्र / प्रार्थना पत्र

**पत्र**

**कोई दो पत्र/ प्रार्थना पत्र देकर किसी एक विषय पर पत्र लिखने के लिए कहा जाएगा।**

1-अपने मित्र को अपने नए हिंदी के अध्यापक की विशेषताएं बताते हुए पत्र लिखिए।

2-अपने मित्र को व्यायाम के लाभ बताते हुए पत्र लिखें ।

3-आपके पिताजी घर से दूर किसी अन्य शहर में नौकरी करते हैं, उन्हें घर की कुशलता का समाचार देते हुए पत्र लिखें।

4-आप अपनी माता जी को पत्र लिखें कि वह अपनी सेहत का ध्यान रखा करें।

5-अपने मित्र की बड़ी बहन की शादी पर आप किसी कारणवश नहीं पहुंच सकते अपने मित्र को कारण बताते हुए बधाई पत्र लिखिए ।

**प्रार्थना पत्र**

6-आप के शहर में दिनों दिन चोरियां बढ़ती जा रही हैं, इसलिए अपने इलाके के पुलिस अधिकारी को इन चोरियों की रोकथाम हेतु पत्र लिखें ।

7- अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

8- अपने क्षेत्र में पार्क विकसित करने के लिए नगर निगम के महापौर को पत्र लिखें ।

9- आपका टेलीफोन 2 सप्ताह से खराब है। आपने क्षेत्रीय कार्यालय में कई बार शिकायत की है, किंतु शिकायत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया । इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को पत्र लिखें।

10-अपने स्कूल में अधिक कंप्यूटर मंगवाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**निबन्ध लेखन निम्नलिखित विषयों में से कोई तीन विषय देकर किसी एक पर 150-200 शब्दों मे निबन्ध लिखने को कहा जाएगा।**

1- मेरी प्रिय पुस्तक 2- मेरा प्रिय खेल 3- स्वतंत्रता दिवस 4- हमारे त्योहार : ईद / दशहरा 5- परोपकार 6-मेरे पिता 7-मेरी अविस्मरणीय बस/रेल/हवाई यात्रा 8-सरदार भगत सिंह 9- विज्ञान के चमत्कार 10-स्वच्छता अभियान

**पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक**

**हिंदी पुस्तक-7**

## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

## विषय : हिन्दी (प्रथम भाषा)

## कक्षाः सातवीं

**समय : 3 घंटे**

- प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे।
- प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न होंगे।
- सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

**भाग-क : बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न**

**प्रश्न-1 :** में (1) से (18) तक संधि,समास,उपसर्ग,प्रत्यय, पर्यायवाची शब्द तथा पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्नों से सम्बंधित प्रत्येक में से बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले तीन-तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का होगा।

**भाग-खः अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**नोटः** भाग 'ख' के अन्तर्गत एक शब्द से एक वाक्य तक के उत्तर वाले अथवा हाँ / नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही / गलत अथवा अथवा मिलान कीजिए किसी भी प्रकार के प्रश्न हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है:

**प्रश्न-2:** लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक शब्द निर्माण, विशेषण निर्माण, शब्द शुद्धि, क्रिया विशेषण, सबंधबोधक, योजक की पहचान, विराम चिह्न, पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से शब्द-अर्थ से सम्बंधित किन्हीं नौ विषयों में से 2-2 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का होगा।

**भाग-ग प्रश्न-3,** पारिभाषिक व्याकरण (क्रिया विशेषण, संबंध बोधक और योजक) में से कोई तीन प्रश्न देकर उनमें से दो के उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा।

**भाग-घ पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न**

प्रश्न-4, पाठ्य पुस्तक में संकलित 'कविता भाग' में से दो पद्यांश दिये जायेंगे जिनमें से एक पद्यांश **की सप्रसंग व्याख्या** लिखने के लिए कहा जाएगा।

प्रश्न-5 पाठ्य पुस्तक में से सात अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा।

प्रश्न-6 पाठ्य पुस्तक में से निबन्धात्मक प्रश्नों में से छह निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा।

**भाग-ङ मुहावरे एवं लोकोक्तियां**

प्रश्न-7 यह प्रश्न मुहावरे एवं लोकोक्तियों से सम्बन्धित होगा। पाँच मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं तीन मुहावरे एवं लोकोक्तियों को वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिये कहा जाएगा।

**भाग-च (रचनात्मक लेखन)**

प्रश्न-8 यह प्रश्न पत्र लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा।

प्रश्न-9 यह प्रश्न निबन्ध-लेखन से सम्बन्धित होगा। कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 150-200 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा।

**नोटः प्रश्न पत्र पूर्णतया पाठ्य-पुस्तक पर आधारित होना चाहिए।**

उद्देश्य

**1.** पढ़ना

i. विद्यार्थी पठन सामग्री को बोलकर और चुपचाप मन में पढ़ सके ।
ii. वह विराम चिह्नों के अनुसार और शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ सके ।
iii. छपी सामग्री के अतिरिक्त वह हस्तलिखित भी गति के साथ पढ़ सके ।
iv. वह हिन्दी और पंजाबी की ध्वनियों में अन्तर कर सके ।
v. पाठ्य-पुस्तक के अतिरिक्त वह समाचार-पत्र, पत्रिका या किसी अन्य पुस्तक में कविता, कहानी, लेख, वार्ता और सूचना आदि को प्रवाह के साथ पढ़ सके ।

**2.** ग्रहण करना

i. **सुनकर ग्रहण करना**
- विद्यार्थी दूसरे के विचारों को सुनकर समझ सके ।
- वह शुद्ध और अशुद्ध उच्चारण में भेद कर सके ।
- वह कहानी, चुटकले, कविता एवं गीतों आदि का रसास्वादन कर सके ।

ii. **पढ़कर ग्रहण करना**
- विद्यार्थी पाठ्य-पुस्तक को पढ़कर उसका भाव ग्रहण कर सके ।
- वह पाठ्य-पुस्तक के पाठों का सार बता सके तथा प्रश्नों के उत्तर दे सके ।
- पुस्तक के अन्त में दिए शब्द-कोश का प्रयोग करना सीख सके ।

**3.** अभिव्यक्ति

i. **मौखिक अभिव्यक्ति**
- विद्यार्थी अपने विचारों को सरलता से तथा प्रवाह के साथ प्रकट कर सके ।
- वह अपने आस-पास के लोगों के साथ हिन्दी में बात कर सके ।
- वह किसी देखी-सुनी घटना या समाचार को बता सके ।

ii. **लिखित अभिव्यक्ति**
- विद्यार्थी देवनागरी लिपि के अक्षरों को सुन्दर ढंग से लिख सके ।
- वह देवनागरी लिपि के शब्दों और गुरूमुखी लिपि के शब्दों में अन्तर करके उन्हें लिख सके।
- वह पाठ्य-पुस्तक में से पढ़ी गई सामग्री में से पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर शुद्ध रूप में लिख सके ।
- अपने विचारों को लिखकर प्रकट कर सके ।
- व्यावहारिक व्याकरण का ज्ञान प्राप्त कर सके ।

**पाठ्यक्रम**

1. **सरलार्थ**
2. पाठ्य-पुस्तक में से लघूत्तर प्रश्न (लगभग 20 शब्दों में)
3. पाठ्य-पुस्तक में से निबन्धात्मक प्रश्न (लगभग 60 शब्दों में)
4. पंजाबी शब्दों के हिन्दी रूप
5. कठिन शब्दों/मुहावरों का अर्थ सहित वाक्य प्रयोग

6. व्याकरण

- लिंग परिवर्तन
- वचन परिवर्तन
- भाववाचक संज्ञा
- विशेषण निर्माण
- समानार्थक शब्द
- विपरीतार्थक शब्द,
- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
- शब्द शुद्धि
- विराम चिह्न
- 'र' के विभिन्न रूप, क्रिया, काल, पुरुष, वाच्य, क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक, योजक, विस्मयादि बोधक की पहचान ।

**रचना भाग**

7. **निबन्ध**

1. मेरी कक्षा का कमरा
2. वैशाखी का मेला
3. मेरा मित्र
4. मेरा अध्यापक
5. आँखों देखा मैच
6. गुरु गोबिन्द सिंह
7. दीवाली

8. **प्रार्थना-पत्र/पत्र**

(क) औपचारिक पत्र-

1. आपसे स्कूल की खिड़की का शीशा टूट गया है,इसलिए स्कूल की मुख्याध्यापिका को क्षमा माँगते हुए पत्र ।
2. बहन के विवाह में सम्मिलित होने के कारण स्कूल के मुख्याध्यापक को अवकाश लेने के लिए प्रार्थना पत्र।

(ख) अनौपचारिक पत्र :

1. मित्र के प्रथम आने पर उसे बधाई पत्र।
2. गर्मियों की छुट्टियों में अपने घनिष्ठ मित्र को छुट्टियाँ एक साथ मनाने के लिए निमन्त्रण पत्र।
3. अपने मित्र को पत्र लिखकर बतायें कि आपका नया स्कूल किन- किन बातों में अच्छा है।

9. **कहानी रचना**

1. दो बिल्लियाँ और बंदर
2. खरगोश और कछुआ
3. हाथी और दरजी
4. दो मित्र और रीछ
5. शेर और चुहिया

**नोटः-**

**प्रश्न-पत्र पूर्णतया पाठ्य-पुस्तक पर आधारित होना चाहिए ।**

निबन्ध लगभग 120-150 शब्दों में हो ।

**पाठ्य-पुस्तक : आओ हिंदी सीखें -7 (पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित )**